Australian Government

# ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने के लिए तैयार होना

आपको किस प्रकार की जानकारी की आवश्यकता है, और इसकी खोज कैसे करनी चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने वाले अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को अन्य ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के समान ही अधिकार और संरक्षण प्राप्त हैं। यहाँ आपकी जानकारी के लिए कुछ बातें और एक जाँचसूची दी गई है, ताकि आप अच्छी तरह से तैयार होना सुनिश्चित कर सकें।

## आपका वेतन

ऑस्ट्रेलिया में एक न्यूनतम वेतन नियत किया जाता है। आपको कम से कम इतना वेतन प्राप्त होना चाहिए – यह कानून के तहत आवश्यक है!

### न्यूनतम वेतन क्या होता है?

- प्रत्येक वर्ष न्यूनतम वेतन की समीक्षा की जाती है और यह आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य पर आधारित होती है। इसलिए इस वित्तीय वर्ष में आपको कितना वेतन दिया जाना चाहिए, इसका पता लगाने के लिए अपनी खोजबीन करें।

### मैं अपने न्यूनतम वेतन के बारे में कैसे पता कर सकता/सकती हूँ?

"FWO Pay and Conditions Tool" की खोज करें

- यह निष्पक्ष कार्य लोकपाल (Fair Work Ombudsman) द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला एक उपकरण है। इससे आपको अपने कार्य के लिए न्यूनतम वेतन का पता लगाने में सहायता मिलेगी।

## कर का भुगतान

आपकी आय के आधार पर आपको कर का भुगतान करने की आवश्यकता हो सकती है। कार्य शुरू करने से पहले अपना **टैक्स फाइल नंबर** (टीएफएन) [**Tax File Number** (TFN)] प्राप्त करें। अपने बॉस को अपना टीएफएन (TFN) देकर यह सुनिश्चित करें कि आपको आवश्यकता से अधिक कर का भुगतान न करना पड़े। सभी लोगों को अपना–अपना टीएफएन (TFN) प्राप्त करना होता है और यह पूरे जीवन–भर के लिए आपके साथ जुड़ा रहता है! यह महत्वपूर्ण है कि आप किसी दूसरे को इसका उपयोग न करने दें – दोस्तों को भी नहीं। आपको प्रत्येक वर्ष 'कर वापसी' ('tax return') भी जमा करनी होगी।

### मैं टीएफएन (TFN) कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

- टीएफएन (TFN) हेतु नि:शुल्क आवेदन करने के लिए आधिकारिक एटीओ (ऑस्ट्रेलियाई कराधान कार्यालय) [ATO (Australian Taxation Office)] वेबसाइट का उपयोग करें।

"apply TFN ATO" की खोज करें

### क्या मुझे टीएफएन (TFN) की आवश्यकता होगी या फिर एबीएन (ABN) की आवश्यकता होगी?

- कुछ कार्यों के लिए आपको **ऑस्ट्रेलियाई व्यवसाय सँख्या (Australian Business Number)** या एबीएन (ABN) के तहत कार्य करने की आवश्यकता हो सकती है। ऐसा तब होता है, जब आपको स्व–कार्यरत माना जाता है।
- हो सकता है कि आपको एबीएन (ABN) की आवश्यकता न पड़े। यदि आप केवल निश्चित स्थानों पर कार्य करते/करती हैं, एक ही बॉस या मैनेजर के पास रिपोर्ट करते/करती हैं, प्रत्येक सप्ताह आपकी दिनचर्या एक–समान होती है और प्रत्येक घंटे के लिए आपको समान धन–राशि का भुगतान किया जाता है, तो हो सकता है कि आपको केवल टीएफएन (TFN) की ही आवश्यकता हो।

**सुझाव:** यदि आप एबीएन (ABN) के तहत कार्य कर रहे/रही हैं, तो भी आपको कर का भुगतान करना आवश्यक होगा और अपना बीमा करवाना होगा।

## पेस्लिप

ऑस्ट्रेलिया में आपको वेतन प्राप्त करने के एक कार्यदिवस के अंदर पेस्लिप मिलनी चाहिए। सामान्य रूप से कर्मियों को साप्ताहिक, प्रत्येक पखवाड़े (प्रत्येक दो सप्ताह) या मासिक रूप से भुगतान किया जाता है। पेस्लिप एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

### मेरी पेस्लिप में क्या जानकारी प्रदर्शित की जाती है?

- पेस्लिप में आपके द्वारा अर्जित आय और आपके वेतन में से निकाला गया कर प्रदर्शित किया जाता है। यदि आपको प्रति घंटा की दर से भुगतान किया जाता है, तो पेस्लिप में यह भी प्रदर्शित किया जाता है कि आपने कितने घंटे कार्य किया है।

### यदि मुझे अपनी पेस्लिप न मिले, तो मुझे क्या करना चाहिए?

- अपने बॉस या प्रबंधक को सूचित करके बताएँ कि आपको अपनी पेस्लिप नहीं मिली है। सामान्य रूप से यह केवल एक गलती ही होती है। आपके द्वारा निवेदन किए जाने पर उन्हें आपको पेस्लिप देना आवश्यक है।

**सुझाव:** ऑस्ट्रेलियाई बैंक खाता खोलने से आपके वेतन का भुगतान करने में आसानी होती है।

"student bank account" की खोज करें

ऑस्ट्रेलियाई सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा वित्त–पोषित।

जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइटें fairwork.gov.au/internationalstudents, ato.gov.au देखें, अथवा अपने शिक्षा प्रदाता की विद्यार्थी सहायता सेवाओं या सामुदायिक कानूनी केंद्र से संपर्क करें।

## कार्य के घंटे

याद रखें – एक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी के रूप में आप टर्म के दौरान प्रत्येक दो सप्ताहों में अधिकतम 40 घंटों के लिए, और अवकाशों में असीमित घंटों के लिए कार्य कर सकते/सकती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप इस सीमा का पालन करें – आपको छात्र वीज़ा दिए जाते समय आपने इस सीमा के लिए सहमति दी थी।

### मैं अपने कार्य के घंटों का हिसाब कैसे रख सकता/सकती हूँ?

- सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि आपके बॉस आपके लिए नियत 40–घंटों की कार्य–सीमा से अवगत हों। यदि उन्हें इसके बारे में जानकारी नहीं है, तो हो सकता है कि वे आपसे अतिरिक्त घंटों के लिए कार्य करने के लिए कहें।
- इसके अलावा **'FWO Record my Hours'** ऐप भी डाउनलोड करें – यह कई भाषाओं में उपलब्ध एक बेहतरीन उपकरण है जो आपको अपने कार्य के घंटों का हिसाब रखने में सहायता देगा।

## कार्य के प्रकार

ऑस्ट्रेलिया में आप अंशकालिक रूप से या फिर "आकस्मिक आधार" ("casual basis") पर कार्य कर सकते/सकती हैं। अंशकालिक कार्य में आपके कार्य के घंटों की सँख्या नियत होती है। आकस्मिक कार्य में अलग–अलग सप्ताहों में आपके घंटों की सँख्या अलग–अलग हो सकती है।

### आकस्मिक और अंशकालिक के बीच क्या अंतर है?

- यदि आपको आकस्मिक कार्य मिलता है, तो आपको नियमित अंशकालिक कार्य से अधिक वेतन दिया जा सकता है। आपका प्रति घंटा भुगतान अधिकतम 25% तक बढ़ाया जा सकता है। इसे 'कैजुअल लोडिंग' कहा जाता है, और यह अतिरिक्त वेतन होता है।
- आकस्मिक कार्य में प्रत्येक सप्ताह आपके घंटों की सँख्या अलग–अलग हो सकती है, और आपको बीमार होने या अवकाश के दिनों के लिए वेतन नहीं दिया जाएगा।

### मैं और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

"FWO employee entitlements" की खोज करें

# कार्य करने के लिए तैयार बनें!

इस जाँचसूची का पालन करके यह सुनिश्चित करें कि आप ऑस्ट्रेलिया में एक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी के रूप में कार्य करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

| | ये कार्य करें | कैसे करें | जाँच कर ली? |
|---|---|---|---|
| कार्य आरंभ करने से पहले | मैंने **अपने न्यूनतम वेतन** की गणना कर ली है | • निष्पक्ष कार्य लोकपाल (Fair Work Ombudsman) की वेबसाइट पर उपलब्ध पीएसीटी कैलकुलेटर (PACT Calculator) का उपयोग करें – या "minimum wage Australia" और चालू वर्ष की खोज करें। | ☐ |
| | मैंने अपना **ऑस्ट्रेलियाई बैंक खाता** खोल लिया है | • 'compare student bank accounts' की खोज करके विद्यार्थी बैंक खातों के लिए सबसे अच्छे सौदों की खोज करें। कुछ खातों के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। | ☐ |
| | मैंने **टीएफएन/एबीएन (TFN/ABN)** के लिए आवेदन कर लिया है | • "contractor vs employee" की खोज करके पता लगाएँ कि क्या आपको टीएफएन (TFN) की आवश्यकता है या फिर एबीएन (ABN) की आवश्यकता है।<br>• एटीओ (ATO) की वेबसाइट पर जाएँ – निर्देशों के लिए "apply TFN ATO" अथवा "apply ABN ATO" की खोज करें। | ☐ |
| कार्य आरंभ करने पर | मैंने **कार्य के घंटों पर प्रतिबंधों** के बारे में अपने बॉस से बात कर ली है | • अपने बॉस को बताएँ कि आप टर्म के दौरान प्रत्येक दो सप्ताहों में अधिकतम 40 घंटों के लिए, परंतु टर्म के अवकाशकाल में असीमित घंटों के लिए कार्य कर सकते/सकती हैं। यह सुनिश्चित करें कि आपके बॉस इससे सहमत हों। | ☐ |
| | मैंने **FWO Record My Hours app** डाउनलोड कर ली है | • एप्पल ऐप स्टोर या गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड करें – "FWO Record My Hours" की खोज करें। | ☐ |
| | मैंने **अपने कार्यस्थल अधिकारों की** जाँच कर ली है | • कार्यस्थल में अपने अधिकारों के बारे में जानकारी के लिए "Fair Work Ombudsman international students" की खोज करें। | ☐ |
| कार्यस्थल पर | मैंने **अपनी पहली पेस्लिप** के लिए अपने बॉस से पूछ लिया है | • इलेक्ट्रॉनिक या प्रकाशित रूप में अपने बॉस से पेस्लिप प्राप्त करें। यह पूछें – "कृपया मुझे मेरी पेस्लिप दें"। | ☐ |
| | मैंने **FWO Record My Hours app** पर अपने घंटों को रिकॉर्ड करना शुरू कर लिया है | • ऐप की खोजबीन करके यह सुनिश्चित करें कि आप इसका उपयोग करना जानते/जानती हैं।<br>• प्रत्येक पारी के समाप्त हो जाने के बाद अपने घंटों को रिकॉर्ड करें। | ☐ |